गैरसैंण, सोमवार
9 जून 2025
वर्षः 17
अंकः 45 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## एक नजर

### थल सेना अध्यक्ष जनरल द्विवेदी ने किए बाबा केदार के दर्शन

रुद्रप्रयाग। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने देश की खुशहाली की प्रार्थना की। जनरल द्विवेदी के केदारधाम पहुंचने पर तीर्थ–पुरोहित एवं बीकेटीसी द्वारा उनका स्वागत किया गया। रविवार सुबह 8 बजे थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूजा–अर्चना की। बाबा केदार से देश की खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान बदरी–केदार मंदिर समिति ने उन्हें केदारनाथ धाम का प्रसाद भेंट किया। इससे पहले बीकेटीसी और तीर्थपुरोहितों ने उनका धाम पहुंचने पर स्वागत किया।

### टिहरी झील में शव किया बरामद

नई टिहरी। कोतवाली नई टिहरी क्षेत्र में बीती देर शाम को क्यारी गांव के व्यक्ति ने कोटेश्वर चौकी में शव दिखाई देने की सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि कुंजेश्वर महादेव मंदिर के नीचे झील में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। चौकी प्रभारी कोटेश्वर मौके पर मय टीम के पहुंचे तथा शव के झील में होने के कारण मौके पर एसडीआरएफ को बुलाया कर शव को झील से बाहर निकाला गया। पुलिस की मीडिया सेल ने बताया कि शव की अभी पहचान नहीं हो पाई है। शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शव लगभग 35 से 37 वर्ष के व्यक्ति का है। व्यक्ति दोहरे बदन व गोल चेहरे का है।

### धर्मनगरी में शराब पीते पकड़े गए नौ युवक

हरिद्वार। शहर कोतवाली में शनिवार देर शाम सार्वजनिक स्थान पर शराब और हुक्का पी रहे नौ युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी युवक हरियाणा के बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) के रहने वाले हैं। मौके पर ही इनका पुलिस अधिनियम के तहत चालान कर सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि सर्वानंद तिराहा क्षेत्र, जो हाईवे के करीब है, वहां कुछ युवक सार्वजनिक स्थान पर हुक्का और शराब का सेवन कर रहे हैं। सूचना पर कोतवाली नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और नौ युवकों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

सभी को खड़खड़ी चौकी लाया गया। चौकी प्रभारी सतेंद्र भंडारी ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम विक्रम सिंह, सतवीर कुमार, चंद कुमार, नंदकिशोर, हेमराज, नरेंद्र, टेकचंद, राजवीर, विष्णु निवासीगण ग्राम सोतई, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, हरियाणा बताया है।

### सत्यापन अभियान में आठ लोगों का हुआ चालान

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में बाहरी और संदिग्ध व्यक्तियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। रविवार को ज्वालापुर पुलिस ने मोहल्ला कड़च्छ और आसपास की झुग्गी–झोपड़ियों में डोर–टू–डोर सत्यापन अभियान चलाया, जिसमें कबाड़ी, फड़/ठेले लगाने वाले, सब्जी विक्रेताओं और किरायेदारों की जांच की गई। सत्यापन न कराने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए आठ लोगों पर पुलिस अधिनियम के तहत चालान कर 30,500 रुपये का शुल्क वसूला गया।

# गुमखाल-सतपुली के मध्य पोकलैंड मशीन से कुचलकर युवक की हत्या


बेस अस्पताल में विलाप करती मृतक सुमन की मां


मृतक सुमन देवरानी का फाइल फोटो


कोटद्वार में बेस चिकित्सालय के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैठे स्वजन


कोटद्वार बेस चिकित्सालय में पुलिस के समक्ष नाराजगी जताते स्वजन व अन्य

## आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्वजनों ने लगाया सांकेतिक जाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः गुमखाल-सतपुली के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण के कार्य में जुटे एक पोकलैंड मशीन चालक ने मशीन के बफेट से मारकर युवक की हत्या कर दी। आरोपी ने युवक को पौकलैंड मशीन से भी कुचला। घटना से संबंधित एक वीडिया सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। वहीं, घटना में मृतक के दोस्त की ओर से सतपुली थाने में तहरीर दी गई। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। फरार पोकलैंड मशीन चालक की गिरफ्तारी को लेकर कोटद्वार बेस अस्पताल के बाहर मृतक के स्वजनों ने एनएच पर सांकेतिक जाम भी लगाया। स्वजन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करने की बात कह रहे थे। पुलिस के समझाने के बाद मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। घटना शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे की है। द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम नौसिन (डाडामंडी) निवासी सुमन देवरानी पुत्र ताशकंद प्रसाद देवरानी सतपुली निवासी अपने मित्र रजनीश जुयाल के साथ कार में सवार होकर डाडामंडी से सतपुली जा रहा था। इस दौरान सतपुली मल्ली में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान वाहनों को रोका गया था।

मृतक सुमन के मित्र रजनीश ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पोकलैंड मशीन से डंपर को हटाकर रास्ता देने को कहा। जिसपर पोकलेंड चला रहा चालक उनके ऊपर गुस्सा करने लगा। देखते ही देखते विवाद होने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने मामले को शांत करवाया। इसके बाद पौकलेंड मशीन हटने के बाद वह अपनी कार से आग बढ़ने लगे। आरोप है कि कार के आगे बढ़ते ही पोकलैंड चालक ने गालीगलौच शुरू कर दी। जिसके बाद सुमन कार से निकला और वह इसका विरोध करने लगा। इसी दौरान पोकलैंड चालक प्रवीण ने बफेट से सुमन पर वार कर दिया, जिससे सुमन सड़क पर गिर गया। इसके बाद उसने बफेट से सड़क में गिरे सुमन पर पुनः वार किया।

उसके साथ ही आसपास मौजूद लोगों ने मशीन को बंद करवाया और सुमन के ऊपर रखे बफेट को हटाया। लेकिन, तब तक सुमन की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद सुमन के मित्र रजनीश ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। लेकिन, तब तक पौकलेंड चालक प्रवीण फरार हो चुका था। पुलिस देर रात तक उसकी तलाश में जुटी रही। सुमन अपनी पत्नी व बच्चों के साथ ही बीमार माता-पिता की देखभाल करता था। परिवार की आर्थिकी की डोर सुमन से ही चलती थी। ऐसे में अब उसके परिवार के समक्ष आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। सुमन का एक पांच वर्ष का बेटा है।

### स्वजनों ने लगाया हाईवे पर सांकेतिक जाम

घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित मृतक सुमन के स्वजनों ने बेस अस्पताल के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सांकेतिक जाम लगाया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लगने लगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्वजनों को मनाकर जाम खुलवाया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरु की।

### घर आने की कहीं थी बात

मृतक सुमन फोटोग्राफी का कार्य करता था। शनिवार को एक शादी में काम पूरा करने के बाद उनसे अपनी मां को फोन किया और घर आने की बात कही थी। उसने अपनी मां से कहा था कि वह घर आ रहा है उसके लिए खाना बना देना। लेकिन, कुछ देर बाद ही उसने घर में फोन किया और कहने लगा कि वह अपने मित्र रजनीश के साथ सतपुली जा रहा है। सुनम की मां रेखा देवी ने बताया कि करीब दस बजे समुन ने उन्हें फोन कर बताया था कि वह सतपुली पहुंच गया है। लेकिन, कुछ देर बाद ही उन्हें उसकी मौत की खबर मिली। घटना की सूचना के बाद सुमन की पत्नी पूजा देवी व उसका पांच वर्षीय बेटा भी हरिद्वार से कोटद्वार बेस अस्पताल पहुंच गए थे।

# बदरीनाथ—हेमकुंड सहित रुद्रनाथ, कल्पेश्वर की यात्रा में उमड़े तीर्थजन



चमोली। उत्तराखंड चारधाम यात्रा ने जून महीने में रफ्तार पकड़ ली है। देश के कई राज्यों से तीर्थ यात्री चारधाम यात्रा के लिए आ रहे हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालु बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री–यमुनोत्री सहित हेमकुंड साहिब यात्रा और रुद्रनाथ और कल्पेश्वर के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इसके अलावा, अनसूया मंदिर और गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में भी भक्तजन दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बदरीनाथ के कपाट खुलने की तिथि से लेकर रविवार तक बदरीनाथ में 6 लाख 73 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं, जबकि हेमकुंड साहिब की यात्रा में अभी तक 67 हजार से अधिक तीर्थ यात्री आए हैं। इनसेट निहंग जत्था बदरीनाथ धाम पहुंचा पंजाब से बदरीनाथ धाम पर रविवार को निहंग जत्था भी पहुंचा और भगवान बदरी विशाल के दर्शन किये। बदरीनाथ कोतवाली के थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी ने बताया कि बदरीनाथ दर्शन पहुंचे निहंग जत्थे के सभी श्रद्धालुओं को बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की स्वीकृति से सुगमता से भगवान बदरी विशाल के दर्शन कराये गये। निहंग जत्थे ने भगवान बदरी विशाल के सुगमता से दर्शन के लिए लिए बदरीनाथ पुलिस और मंदिर समिति का आभार जताया। बदरीनाथ केदारनाथ सहित चारों धामों में उमड़े श्रद्धालु बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि चारधाम यात्रा के तहत बदरीनाथ, केदारनाथ सहित चारों धामों में यात्रा सुव्यवस्थित और रिकॉर्ड संख्या में संचालित हो रही है।

### श्रीनगर—कर्णप्रयाग बस अड्डे के शौचालय में महिला ने दिया बच्चे को जन्म

देहरादून। ऋषिकेश में श्रीनगर–कर्णप्रयाग बस अड्डे के शौचालय में आज सुबह एक महिला ने शिशु को जन्म दिया। महिला की चीख–पुकार सुनकर परिवार और आस–पास मौजूद लोग तुरंत मदद के लिए पहुंचे। महिला ज्योति थापा (21) पत्नी मनीष थापा नेपाली मूल के परिवार से है। यह परिवार कर्णप्रयाग के ब्राडी सेन क्षेत्र में मजदूरी करता है। महिला परिवार के साथ आज हिमाचल की ओर काम के सिलसिले में यात्रा के लिए निकली थी। जब बस श्रीनगर कर्णप्रयाग बस अड्डे पर कुछ देर के लिए रुकी, तो ज्योति शौचालय गई। थोड़ी ही देर में वहां से महिला के चिल्लाने की आवाजें सुनाई दीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आईएसबीटी में तैनात स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तुरंत सहायता पहुंचाई।

चिकित्सक और फार्मासिस्ट की टीम के अन्य सदस्यों की सूझबूझ व त्वरित कार्रवाई से जच्चा और बच्चा दोनों की जान बचाई जा सकी। महिला को तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से राजकीय जिला चिकित्सालय श्रीनगर भेजा गया,

# मैं दिल्ली में रहता हूं लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर हैं-शाह



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'साल 2026 में यहां भाजपा–अकअउद्धड गठबंधन की एनडीए सरकार बनेगी। मैं दिल्ली में रहता हूं लेकिन मेरे कान हमेशा तमिलनाडु पर रहते हैं। एमके स्टालिन कहते हैं कि अमित शाह डीएमके को नहीं हरा सकते। वे सही कह रहे हैं। मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु की जनता आपको हराएगी।' ऑपरेशन सिंदूर पर अमित शाह ने कहा, 'पहलगाम में आतंकियों ने हमारे निदोष नागरिकों की धर्म पूछकर हत्या कर दी थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों का सफाया कर दिया। पीएम मोदी से पहले भी भारत पर कई आतंकी हमले हुए थे मगर कभी कोई जवाब नहीं दिया गया। हमारी वीर सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर जाकर आतंकियों का हेडक्वार्टर जमींदोज कर दिया था।'

**तमिल भाषा को लेकर अमित शाह ने क्या कहा**

गृह मंत्री शाह ने कहा, 'मैं तमिलनाडु सरकार से अपनी मांग दोहराना चाहता हूं कि जल्द ही मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई तमिल भाषा में शुरू की जाए। पीएम मोदी ने संसद में सेंगोल स्थापित करके तमिलनाडु का सम्मान किया। मुझे उम्मीद है कि एमके स्टालिन इस के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद पत्र लिखेंगे।'

भाजपा के शीर्ष नेता अगले साल होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करने और चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार करने के लिए मदुरै पहुंचे थे। दिन में अमित शाह ने मीनाक्षी मंदिर में प्रार्थना की और मंदिर के पुजारियों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

# फिर बेनकाब हुआ पाकिस्तानः चीन की मदद से बनाए भारत पर हमले के नकली सबूत

### •सैटेलाइट की तस्वीरों ने खोली पोल



नई दिल्ली। पाकिस्तान के नए–नए झूठ हर दिन सामने आ रहे हैं। पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने भारत के दो सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। अब सामने आई सैटेलाइट तस्वीरों से पाकिस्तान की पोल खुल गई है। उसने चीन की मदद से फोटो के साथ छेड़छाड़ की थी।

ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह मात खा चुके पाकिस्तान की एक और करतूत सामने आई है। पाकिस्तान ने आदमपुर और भुज एयरबेस पर हमले का दावा किया था। अब सामने आई तस्वीरों में पाकिस्तान एक बार फिर बेनकाब हो गया है। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने भारत के आदमपुर एयरबेस पर सुखोई–30, भुज एयरबेस पर एस–400 को नुकसान पहुंचाया है। उसने अपने दावे का समर्थन करने के लिए सैटेलाइट इमेज से छेड़छाड़ कर नकली तस्वीरें साझा की थीं। इस पर शीर्ष इमेजरी विश्लेषक डेमियन साइमन ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है।

**चीन की मदद से तस्वीरों में की छेड़छाड़**

साइमन ने बताया कि कैसे पाकिस्तान ने चीनी सैटेलाइट फर्म की मदद से ली गई तस्वीरों से छेड़छाड़ और हेरफर कर झूठी तस्वीरें पूरी दुनिया को दिखाईं। साइमन ने कहा कि समीक्षा करने पर पता चला कि यह तस्वीर संघर्ष से पहले की है। इन तस्वीरों में नियमित रखरखाव से गुजर रहे मिग–29 को दिखाया गया था। इंजन के बार–बार परीक्षण के चलते मौके पर कालिख बनी थी, जबकि पाकिस्तान का कहना था कि यह राख हमले के बाद की है।

इसी तरह भुज में भारतीय एस–400 रडार सिस्टम को नष्ट करने का दावा करते हुए पाकिस्तान ने एक और तस्वीर प्रसारित की। तस्वीर में सैन्य बेस एप्रन पर काले धब्बे दिखाई दे रहे थे। विश्लेषण करने पर पता चला कि ये तेल के धब्बे या वाहन रखरखाव यार्ड से ईंधन रिसाव थे। यह तस्वीर भी भारत–पाकिस्तान के बीच हुए टकराव से काफी पहले खींची गई थी और इसका किसी हमले से कोई संबंध नहीं था।

### गोवंश अवशेष मिलने पर गोवर्धन में तनाव, 74 पर मुकदमा

नई दिल्ली। मथुरा के गोवर्धन क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने से तनाव फैल गया है। मुस्लिम समाज के लोग अपने घर बंद करके भाग गए हैं। पुलिस ने इस मामले में गोरक्षक दल के सदस्य की तहरीर पर 24 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य की पहचान कर धरपकड़ को पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। रविवार को मुस्लिमों ने अपने प्रतिष्ठान नहीं खोले। बताते चलें कि बकरीद की शाम बरसाना रोड पर ईदगाह के समीप गोवंश के अवशेष मिलने की जानकारी होते ही गोरक्षक दल के सदस्य और स्थानीय हिन्दू संगठनों के लोगों ने मौके पर पहुंच गो–कटान का आरोप लगा हंगामा किया। उन्होंने पुलिस–प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। इस दौरान पुलिस और लोगों के बीच तीखी नौंकझौंक हुई। मामला गोवंश के अवशेष मिलने से तनाव की स्थिति का होने पर प्रभारी निरीक्षक गोवर्धन रवि त्यागी ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी और मौके पर पहुंच लोगों को शांत करने में जुट गये, लेकिन हंगामा करने वाले मानने को तैयार न हुए। सूचना पर एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत, सीओ गोवर्धन अनिल कुमार सिंह के अलावा आधा दर्जन से अधिक थानों की पुलिस व पीएसी बल शांति व्यवस्था को मौके पर पहुंच गयी।

## उत्तराखंड में कोरोना का और एक मामला

# 52 वर्षीय महिला संक्रमित, प्रदेश में अब तक कुल 34 मामले



देहरादून। राज्य में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। रविवार को 52 वर्षीय एक महिला में कोविड–19 की पुष्टि हुई है। महिला की स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है और वह होम आइसोलेशन में हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि महिला ने एक निजी लैब में कोरोना की जांच कराई थी। महिला की किसी भी प्रकार की ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। बता दें कि प्रदेश में अब तक कुल 34 कोरोना मामले सामने आए हैं।

इनमें से 26 मामले देहरादून जिले के हैं, जबकि हरिद्वार से एक मामला है। इसके अलावा सात मरीज ऐसे भी हैं, जो राज्य से बाहर जा चुके हैं। वर्तमान में प्रदेश में छह सक्रिय केस हैं, जिनमें से केवल एक मरीज अस्पताल में भर्ती है, जबकि बाकी पांच मरीज घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

# मणिपुर की शांति में खलल! मैतेयी नेता की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा



इंफाल। मणिपुर में मैतेयी संगठन अरामबाई तेंगोल के नेता और अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण रविवार को स्थिति तनावपूर्ण रही। प्रशासन ने एहतियाती उपाय के तौर पर इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इन क्षेत्रों में इंटरनेट और मोबाइल डाटा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। बताया जा रहा है कि अरामबाई तेंगोल के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए अरामबाई तेंगोल के सदस्य कनन सिंह को इंफाल एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार किया। उसे गुवाहाटी ले जाया गया है, जहां उसे पुलिस रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा।

**मणिपुर हिंसा की जांच कर रही सीबीआई**

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, सीबीआई मणिपुर हिंसा से संबंधित मामलों की जांच कर रही है। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि मणिपुर में कानून–व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए मणिपुर हिंसा के मामलों की सुनवाई मणिपुर से गुवाहाटी स्थानांतरित कर दी गई है। सीबीआई ने स्पष्ट किया है कि कनन को रविवार को गिरफ्तार किया गया। अन्य चार सदस्यों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। अरामबाई तेंगोल के सदस्यों ने गिरफ्तारी के विरोध में खुद के ऊपर पेट्रोल डालकर सांकेतिक विरोध किया।

### मंदिर, श्मशान और जलाशय पर सबका अधिकार–भागवत

दिल्ली। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि पंच परिवर्तन के आधार पर संपूर्ण समाज में एक बड़े परिवर्तन की ओर जाने का प्रयास हो रहा है। संघ और स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वह ऐसे समाज का निर्माण करें जो जातिवाद की विषमताओं से मुक्त हो। मंदिर, जलाशय, श्मशान पर संपूर्ण समाज का समान अधिकार हो। यह न हो कि अमुख व्यक्ति मंदिर नहीं जाएगा तो अमुख व्यक्ति जलाशय से पानी नहीं लेगा। बौद्धिक के दौरापन संघ प्रमुख ने विशेष और सामान्य वर्ग के स्वयं सेवकों की चार टोलियों से अलग–अलग बात की। वह तीन दिवसीय कानपुर प्रवास पर हैं। आजादनगर स्थित दीनदयाल विद्यालय में भागवत ने कहा कि ऐसा समाज बनाएं जो राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक हो। ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुकूल अपनी जीवनशैली का निर्माण करें। यह पंच परिवर्तन का मूल सार भी है। रविवार को सुबह से शाम तक संघ पदाधिकारियों के साथ भागवत की चार बैठकें हुईं। संघ शिक्षा वर्ग में शिक्षार्थियों से बातचीत के दौरान उन्होंने शिक्षार्थियों के कार्य क्षेत्र में संचालित हो रहे संघ कार्य, शाखाओं और सेवा कार्य की जानकारी भी ली।

# दिल्ली में बच्ची से हैवानियतः सूटकेस में मिला लड़की का शव



नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में पड़ोसी के घर में नौ साल की बच्ची का शव सूटकेस में बंद मिला, जिसके बाद परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और नाबालिग के साथ यौन उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मामले की जानकारी के बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भीड़ ने लापरवाही का आरोप लगाया और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।इलाके में तनाव के कारण कई दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करनी पड़ीं। उनमें से कई ने कहा कि वे हिंसा से डरते हैं और प्रदर्शनकारियों के बाजार की गलियों से मौजूदगी के चलते अपनी दुकानें बंद कर लीं। इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने मामले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के लिए कौन जिम्मेदार है?

**आप ने उठाए ये सवाल**

आतिशी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है कि 'दिल्ली में 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म और मर्डर के लिए कौन जिम्मेदार है? बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के लिए कौन जिम्मेदार है? भाजपा की 4 इंजन की सरकार है, फिर भी हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं? कहां हैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी? कहां हैं देश के गृह मंत्री अमित शाह जी?'

**यह है मामला**

उत्तर–पूर्वी दिल्ली में एक नाबालिग लड़की का खून से लथपथ सूटकेस में शव मिला है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को पूर्वोत्तर दिल्ली के नेहरू विहार में एक नाबालिग लड़की की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस को शुरुआती मेडिकल जांच के आधार पर यौन उत्पीड़न का संदेह है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दयालपुर पुलिस स्टेशन में रात 8:41 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर एक टीम को नेहरू विहार की गली नंबर 2 में भेजा गया, जिसमें पाया गया कि लड़की के पिता ने उसे पहले ही जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती करा दिया था। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# सम्पादकीय

## उड़ान भरता पर्यटन

उत्तराखंड में मौसम सुहाना होने के साथ ही पर्यटकों की आवाजाही भी काफी तेजी के साथ बढ़ी है। प्रदेश के उभरते हुए पर्यटन के लिए यह एक अच्छा संकेत है, खास तौर से चार धाम यात्रा के अलावा भी इस बार विभिन्न राज्यों के सैलानियों ने उत्तराखंड के रमणीक स्थलों को चुना है। इधर राज्य सरकार ने भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटक स्थलों पर आधारभूत सुविधाएं बनाने की पूरी कोशिश की है ताकि यात्रियों को स्वास्थ्य एवं पार्किंग के अलावा अन्य सुविधाओं को लेकर परेशानियों का सामना न करना पड़े। इधर पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ–साथ कई स्थानों पर यात्रियों द्वारा प्रदेश की मर्यादा और गरिमा के अनुरूप व्यवहार नहीं किया जा रहा है जो की काफी चिंताजनक है। एक तरफ सरकार पर्यटकों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने के लिए कृत संकल्प है तो वहीं दूसरी ओर कुछ यात्रियों द्वारा पर्यटन व्यवस्थाओं को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। धार्मिक स्थलों पर ऐसे कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं जहां बाहर से आए पर्यटकों द्वारा उपद्रव मचाया गया एवं तलवारे निकालकर हिंसा फैलाने की कोशिश की गई हालांकि स्थानीय पुलिस द्वारा इस दिशा में कड़ी कार्रवाई की गई है लेकिन पर्यटकों को अपना व्यवहार सुधारना होगा और यदि वह एक सुविधाजनक और बिना परेशानियों के अपनी यात्रा को पूर्ण करना चाहते हैं तो उन्हें राज्य की गरिमा के अनुरूप आचरण दिखाना ही होगा। पर्यटन के साथ ही धार्मिक पर्यटन भी उत्तराखंड में पंख लगा कर उड़ रहा है। चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उत्साहित करने वाला है तो वही दूसरे धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। आने वाले दिनों में उत्तराखंड का पर्यटन और अधिक कुलाचें भरेगा हालांकि इसके लिए सरकार को और अधिक बुनियादी सुविधाओं को धरातल पर उतारना होगा। खास तौर से परिवहन व्यवस्था एवं पार्किंग की समस्या से अभी भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और वाहनों के बढ़ते हुए सैलाब के आगे स्थानीय व्यवस्थाएं कहीं ना कहीं पटरी से उतरती भी नजर आ रही है। चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण की व्यवस्था की गई है लेकिन इसके बावजूद भी यात्रियों की संख्या पंजीकरण के आंकड़ों के अपेक्षा कहीं अधिक नजर आ रही है। इस बार उत्तराखंड का मौसम मई मध्यांतर से ही काफी सुहाना बना हुआ है और मैदानो में बढ़ती हुई गर्मी ने पर्यटकों को उत्तराखंड में एक अलौकिक एवं सुखद अनुभव का एहसास कराया है। जून अंत तक पर्यटकों की संख्या इसी प्रकार देखने को मिलेगी हालांकि जुलाई में शैक्षिक सत्र होने के पश्चात पर्यटकों की संख्या में गिरावट जरूर नजर आएगी। उत्तराखंड का पर्यटन लाखों लोगों की आजीविका से भी जुड़ा हुआ है जिसमें सरकारी एजेंसी के अलावा स्थानीय लोग भी अच्छी खासी कमाई कर रहे हैं। राज्य के लिए यह एक उत्साहित करने वाली बात है और पर्यटन के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को भी विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित करने का प्रयास सरकार ने किया है। विभिन्न राज्यों से आने वाले यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को चाहिए कि वे देवभूमि उत्तराखंड की गरिमा का ध्यान रखें और ऐसी कोई हरकत ना करें जिससे उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़े।

# विषैली शराब से मौत का तांडव

**वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

पिछले पांच सालों में जहरीली शराब पीने से पंजाब में 176 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। अपंग होने वाले भी कम नहीं रहे। महिलाएं भी इन आंकड़ों में हैं। 29 जुलाई, 2020 को विषैली शराब से पंजाब में पहली मौत की खबर अमृतसर जिले के एक गांव से आई थी किंतु अगस्त तक अमृतसर, गुरुदासपुर और तरनतारन के तीन जिलों में मौतों का आंकड़ा 105 पहुंच गया था। तब विपक्षी दल शिरोमणि अकाली दल का आरोप था कि मंत्रियों और विधायकों के संरक्षण में राज्य में अवैध शराब का धंधा पनप रहा है। जवाब में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरेन्द्र सिंह ने याद दिलाया था कि 2012 व 2019 में ऐसी ही घटनाएं अकाली सरकार के दौरान हुई थीं।

अब आप सरकार के कार्यकाल में भी दो बार जहरीली शराब पीने से मौत का तांडव हो चुका है। पहली बार का कांड संगरूर में हुआ। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का यह गृह जिला है। उनके मंत्रिमंडल में दो अन्य मंत्री भी इसी जिले से आते हैं। मुख्यमंत्री के वहां पहुंचने पर गांव वालों का कहना था कि क्षेत्र में शराब का धंधा खुले आम चल रहा है। जहरीली शराब से मौतों का नवीनतम मामला अमृतसर के मजीठा का है, जहां जहरीली शराब पीने से पांच–छह गांवों के 27 लोगों की मौत हुई। मरने वालों में अधिकांश ईट–भ्ों और खेतों में काम करने वाले मजदूर थे। सोलह संदिग्ध अपराधियों की गिरफतारी भी हो चुकी है। इनमें दिल्ली और लुधियाना के व्यापारी भी हैं।

जहरीले शराब कांडों में सबसे पहले ढूंढ़ उन व्यापारी या आपूर्तिकर्ताओं की ही होती है, जो एलकोहल आदि रसायनों को अवैध रूप से जहरीली शराब बनाने वालों को बेच देते हैं। 29 जुलाई, 2020 के विषैली शराब कांड में मिथनॉल के तीन ड्रम लुधियाना के एक पेंट दुकानदार से लिए गए थे। मजीठा में भी मिथनॉल का उपयोग हुआ था। मिथनॉल, ईथनॉल से सस्ता पड़ता है। उसे हल्का या डायल्यूट करके शराब बनाई जाती है। ज्यादा किक वाली बनाने के लिए उसमें न जाने क्या–क्या डाल दिया जाता है।

अमृतसर के सांसद गुरुजीत सिंह औजला का इस कांड पर कहना है कि अवैध शराब और ड्रग्स के धंधेबाजों की आबकारी और पुलिस विभाग वालों से सांठगांठ है। मजीठा में शराब पुलिस चौकी से केवल 200 मीटर की दूरी पर बेची जा रही थी किंतु मजीठा कांड के बाद सामाजिक संदभेर में खास बात यह हुई है कि विभिन्न आलेखों और विश्लेषणों से ऐसा नैरेटिव उभारा गया है कि सरकार आम जन या आम पियक्कड़ के हित में सस्ती शराब उपलब्ध कराए तो जहरीली शराब कांडों की त्रासदी पर लगाम लगेगी। मजीठा कांड पर सांसद औजला का कहना था कि सरकार की शराब के दाम बढ़ा कर मंहगी करने की नीति के कारण ही गरीब सस्ती और नकली शराब पीने को मजबूर हैं।

पिछले पांच सालों में पंजाब में जहरीली शराब पीने से 176 लोगों की मौत हुई हैं। शराब की ज्यादा दुकान खोलने और उनको महंगी करने के पीछे सरकारी तर्क है कि इससे लोग नकली और जहरीली शराब नहीं पियेंगे और उनके पास सही शराब पीने का विकल्प रहेगा। शराब जब महंगी होगी तो कम लोग पियेंगे परंतु हो यह रहा है कि शराब चाहे कितनी ही महंगी हो जाए, उसकी खपत कम नहीं हो पा रही है।

**पिछले पांच सालों में पंजाब में जहरीली शराब पीने से 176 लोगों की मौत हुई हैं। शराब की ज्यादा दुकान खोलने और उनको महंगी करने के पीछे सरकारी तर्क है कि इससे लोग नकली और जहरीली शराब नहीं पियेंगे और उनके पास सही शराब पीने का विकल्प रहेगा। शराब जब महंगी होगी तो कम लोग पियेंगे परंतु हो यह रहा है कि शराब चाहे कितनी ही महंगी हो जाए, उसकी खपत कम नहीं हो पा रही है। पंजाब ही नहीं, देश की सभी राज्य सरकारें शराब बेच कर राजस्व को अपनी आय का प्रमुख स्रेत बनाए हुए हैं। सात–आठ प्रतिशत ही नहीं, कहीं–कहीं तो राज्यों के राजस्व में बीस प्रतिशत तक इसका अंश होता है। शराब संदर्भित विषय राज्यों के हैं। शराब से भारत में पांच लाख तीस हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व प्राप्त होता है। राज्य सरकारें शराब के प्रसार को कम से कमतर करने की बजाय ज्यादा से ज्यादा सरकारी लाइसेंसप्राप्त शराब की दुकान खोलने की होड़ में हैं। राजनीतिज्ञों से तो अपेक्षा ही नहीं है कि ईमानदारी से वे शराबबंदी का प्रयास करेंगे किंतु न्यायालयों से भी अब तक के अनुभवों को देखते हुए बहुत आशा नहीं है।**



पंजाब ही नहीं, देश की सभी राज्य सरकारें शराब बेच कर राजस्व को अपनी आय का प्रमुख स्रेत बनाए हुए हैं। सात–आठ प्रतिशत ही नहीं, कहीं–कहीं तो राज्यों के राजस्व में बीस प्रतिशत तक इसका अंश होता है। शराब संदर्भित विषय राज्यों के हैं। शराब से भारत में पांच लाख तीस हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व प्राप्त होता है। राज्य सरकारें शराब के प्रसार को कम से कमतर करने की बजाय ज्यादा से ज्यादा सरकारी लाइसेंसप्राप्त शराब की दुकान खोलने की होड़ में हैं। राजनीतिज्ञों से तो अपेक्षा ही नहीं है कि ईमानदारी से वे शराबबंदी का प्रयास करेंगे किंतु न्यायालयों से भी अब तक के अनुभवों को देखते हुए बहुत आशा नहीं है।

न्यायालयों से कई तरह की टिप्पणियां निकलती हैं परंतु शराब का प्रसार न करने की सीख न्यायालयों से शायद ही आई हो। बिहार की शराबबंदी पर वहां के उच्च न्यायालय की टिप्पणियां भी जगजाहिर हैं। तीस सितम्बर, 2016 में पटना हाई कोर्ट ने तो यहां तक आशंका जतलाई थी कि बिहार में शराबबंदी कार्यान्वित नहीं हो पाएगी। सुप्रीम कोर्ट के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश भी एक बार शराब के केसों से न्यायालय के मुकदमों के बढ़ते अंबार पर चिंता व्यक्तकर चुके थे।

कोरोना काल में मई, 2020 में शराब की दुकानों पर जब लोग एक दूसरे के कंधों पर चढ़ शराब लेने की होड़ में दिख रहे थे तब सुप्रीम कोर्ट का ही राज्य सरकारों को सुझाव था कि शराब की होम डिलीवरी पर विचार किया जाए। सरकार की होम डिलीवरी से शह पाकर अब माफिया भी घर–घर होम डिलीवरी कर रहे हैं। स्कूलों, धार्मिक स्थलों और बस्तियों के बीच में शराब की दुकानों और सरकारी ठेकों के विरोध होने पर गिरफ्तारियों पर भी त्वरित न्यायालयी न्याय नहीं मिले हैं।

बिहार में 5 अप्रैल, 2016 को शराबबंदी कानून लागू हो गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कहते हैं कि शराबबंदी लागू करना बापू का अनुसरण करना है। जहरीली शराब से मौतों और मुआवजे के संदर्भ में बिहार के मुख्यमंत्री अलग ही रुख रखते हैं। बिहार में दिसम्बर मध्य, 2022 में तीन दिनों के भीतर 66 लोगों की मौत हुई थी। तब विधानसभा में कठोर लहजे में उन्होंने अक्सर याद किए जाने वाला बयान दिया था कि जहरीली शराब पीकर मरने वालों से उन्हें कोई सहानुभूति नहीं है। जो पीएगा वो मरेगा। शराब से मौत पर कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। उनके बयान पर भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए इस्तीफा मांगा था। यह तो निर्विवाद है कि शराबबंदी से सामाजिक कल्याण को बल मिलेगा। वाहन दुर्घटनाओं, महिला हिंसा का बड़ा कारण शराब भी है। शराबियों के जमवाड़े स्कूलों तक में जाने पर भय पैदा कर रहे हैं। गरीबी और जहरीली शराब पीने वालों को जोड़ने वाले नैरेटिव के आगे और मजबूत होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता किंतु ऐसे में इस हकीकत से भी कैसे आखें मूंदी जा सकती है कि कई बार स्थानीय स्तर पर घरों में ऐसी शराब बनाने वाले भी वंचित और गरीब ही होते हैं और कई बार जहरीली शराब पीकर मरने वालों में उन परिवारों के सदस्य भी होते हैं।

# तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की डगर पर भारत

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

हाल ही में 24 मई को नीति आयोग ने बताया कि जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आगामी 2.5 से 3 सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए भी दिखाई दे सकेगा।

इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को दुनिया के ख्याति प्राप्त अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा कि जापान को पछाड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की एक अविसनीय उपलब्धि है।

वास्तव में भारत के विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढ़ने के पीछे जो प्रमुख कारण हैं, उनमें 140 करोड़ की जनसंख्या, देश के मध्यम वर्ग, की बढ़ती क्र्यशक्ति, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक नीतियां शामिल हैं। साथ ही इस समय भारत जिस ऊंची विकास दर और आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है, उससे भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा।

खासतौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना जरूरी है। चीन से वष–प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

जहां एमएसएमई देश से निर्यात बढ़ाने में नई भूमिका निभा सकते हैं, वहीं आयात नियंत्रण में भी मददगार हो सकते हैं। इस समय नये व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के लिए चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई के उबारने के लिए जहां एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा।

इस परिप्रेक्ष्य में यह बात महत्त्वपूर्ण है कि सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2250 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना रेहन के कर्ज दिए जाने की योजना बना रही है। निसंदेह देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति अहम होगी। भारत के द्वारा विगत 6 मई को ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस समय भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के शुरुआती चरण के लिए वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है और 8 जुलाई से भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता लागू हो सकता है।

हाल ही में अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाउस में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी वार्ता करते हुए द्विपक्षीय कारोबार समझौते को तेजी से अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इस्राइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा।

## सहमति से बने संबंधों में खटास

सहमति से बने रिश्तों में खटास आना या प्रेमी जोड़े के बीच दूरियां बन जाना आपराधिक प्रक्रिया शुरू करने का आधार नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के एक शख्स के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को खारिज करते यह टिप्पणी की, जिस पर आरोप था कि शादी का झूठा वादा कर उसने महिला से बलात्कार किया। अदालत ने कहा, रिकॉर्ड से ऐसा नहीं लगता कि शिकायतकर्ता की सहमति, उसकी इच्छा के विरुद्ध शादी करने के वादे पर की गयी थी। पीठ ने कहा यह ऐसा मामला नहीं है, जिसमें शुरुआत में शादी करने का वादा किया गया हो। सहमति से बने संबंधों में खटास आना या पार्टनर के बीच दूरी आना, आपराधिक प्रक्रिया शुरू करने का आधार नहीं हो सकता। मामले के अनुसार जून 2022 से जुलाई 2023 के दौरान आरोपी ने शादी का झूठा वादा कर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने इनसे इनकार किया और निचली अदालत में जमानत के लिए अपील की। हालांकि भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत अपराध है, जिसके लिए दस साल तक की सजा व जुर्माना हो सकता है।

मगर इस तरह के मामलों में अदालत साक्ष्यों व भावनाओं की अनदेखी नहीं करती। भले ही यह सरासर धोखा है मगर सच तो यह भी है कि वयस्क महिलाओं द्वारा विवाहपूर्व शारीरिक संबंध बनाने की सहमति प्रेम व समर्पण के रूप में दी जाती है। वास्तव में विवाहोपरांत भी रिश्तों में खटास आती है, मगर ऐसे में विवाह विच्छेदन जैसी सुविधाएं हैं, परंतु बगैर वैवाहिक रस्मों, परिवार या परिचितों के संज्ञान में लाये बगैर, गुपचुप बनाए गए इस संबंध में धोखे की गुंजाइश तलाशना बेहद मुश्किल होता है। यह भी कहना अतिश्योक्ति होगी कि धोखे से या फुसलाकर महिलाओं को दैहिक संबंधों के लिए राजी करने वाले पुरुषों की मंशा में शुरू से ही खोट नहीं होता। झूठे वादों, दिखावे या सच्चे प्रेम को परखने की कोई कसौटी नहीं होती। न ही सहमति से सेक्स करने के नतीजतन विवाह अनिवार्य हो सकता है। विवाह पवित्र बंधन ही नहीं है, सामाजिक व पारिवारिक व्यवस्था में अभी भी विवाहित जोड़ों को इज्जत से देखा जाता है।

# राजकुमार राव की फिल्म मालिक का टीजर जारी, गैंगस्टर अवतार में आए नजर

राजकुमार राव की एक्शन फिल्म 'मालिकझ् का टीजर आज जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग–अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में 'मालिकझ् बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं। 1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी



देखने को नहीं मिला है। टीजर की शुरुआत राजकुमार से होती है, जो हाथ में बन्दूक पकड़े बिस्तर से उठते दिखाई दे रहे हैं और हक की रोटी को छिनने की बात कर रहे हैं। फिल्म में साल 1988 के इलाहाबाद (अब प्रयागराज) की कहानी देखने को मिलेगी। जिसमें सरेआम राजकुमार लोगों को मौत के घाट उतारते दिखाई दे रहे हैं। टीजर में काफी ज्यादा खूनखराबा देखने को मिला है। जो ये दर्शाता है इस फिल्म में जबरदस्त वॉयलेंस नजर आने वाला है।

## भूमि पेडनेकर की द रॉयल्स के दूसरे सीजन का ऐलान

नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी हिट सीरीज़ द रॉयल्स के दूसरे सीजन का पोस्टर रिलीज़ करते हुए बड़ी खबर दी है। कैप्शन में लिखा है, पुराना पैसा, नयाखून और एक और नया सीजन तैयार हो रहा हैं, द रॉयल्स सीजन 2 जल्द ही नेटफ़्लिक्स पर आने वाला हैं. यानी पुराने शाही खानदान की नई कहानी, नई उर्जा, और एक बार फिर से राजसी ड्रामा आपके स्क्रीन पर जल्द आने वाला है। द रॉयल्स एक रोमांटिक कॉमेडी–ड्रामा सीरीज़ है, जिसे प्रियंका घोष और नूपुर अस्ताना ने डायरेक्ट किया है, और नेहा वीणा शर्मा ने लिखा है। प्रीतिशनंदी कम्युनिकेशंस के प्रोडक्शन में बनी इस सीरीज़ में भूमि पेडनेकर, इशान खट्टर, ज़ीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, विहान समत, डीनो मोरियाऔर मिलिंद सोमन जैसे बड़े कलाकार हैं, कहानी एक आधुनिक समय के शाही परिवार की है, जो आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। जब परिवार का वारिसएक हॉस्पिटैलिटी एंटरप्रेन्योर के साथ मिलकर अपने पुरखों के महल को एक लग्ज़री रिज़ॉर्ट में बदलने का फैसला करता है, तब उनकी किस्मत में बड़ाबदलाव आता है। यह शो 9 मई 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुआ था और दर्शकों के साथ–साथ आलोचकों के बीच भी मिला–जुला रुख पाया।

# 'श्रेयस को मुझे थप्पड़ मारना चाहिए था,' कप्तान के अपशब्द कहने पर शशांक सिंह ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने आईपीएल 2025 सीजन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्वालीफायर–2 के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर द्वारा डांटे जाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी। शशांक ने कहा कि श्रेयस को मुझे थप्पड़ मारना चाहिए था। शशांक ने यह भी बताया कि उनके पिता ने फाइनल से पहले उनसे बात नहीं की।

गौरतलब हो कि क्वालीफायर–2 के खत्म होने के बाद श्रेयस अय्यर और शशांक सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें श्रेयस अय्यर शशांक सिंह को डांटते और गाली देते हुए नजर आए थे। वहीं, शशांक सिंह उस वक्त श्रेयस के आगे से बिना कुछ कहे निकल गए थे। दरअसल, उस मैच



में शशांक सिंह मुश्किल समय में रन आउट हो गए थे।

**'मैं इसका हकदार'**

इंडियन एक्सप्रेस बात करते हुए शशांक सिंह ने कहा, मैं इसका हकदार हूं। अय्यर को मुझे थप्पड़ मारना चाहिए था। मेरे पिता ने फाइनल तक मुझसे बात नहीं की। मैं लापरवाह था, मैं बगीचे या किसी बीच पर नहीं टहल रहा था। श्रेयस ने कहा कि मुझे तुमसे यह उम्मीद नहीं थी, लेकिन बाद में वह मुझे रात के खाने के लिए बाहर ले गया।

**पंजाब किंग्स के लिए बनाए 341 रन**

बता दें कि शशांक सिंह ने आईपीएल 2025 सीजन में पंजाब किंग्स के लिए 153 के स्ट्राइक रेट से 341 रन बनाए। वह टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

उन्होंने भी श्रेयस की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनसे बेहतर कोई कप्तान नहीं है।

# ब्लैक वारंट के दूसरे सीजन का ऐलान, जहान कपूर की पहली झलक आई सामने

नेटफ्लिक्स इंडिया ने ब्लैक वारंट के दूसरे सीजन का पहला पोस्टर रिलीज़ कर दिया है, जो इसके पहले सीजन की सफलता के बाद दर्शकों में काफीउत्साह पैदा कर रहा है। इस पोस्टर में ज़हान एक सख्त जेलर यूनिफॉर्म में नजर आ रहा है, साथ ही हिंदी टैगलाइन किस्मत मेहनत की गुलाम होती है भी लिखी है, जो सीरीज की जिंदादिली, अनुशासन और नैतिक जटिलताओं को बखूबी बयां करती है। विक्रमादित्य मोटवाने और सत्यांशु सिंह द्वारा निर्मित यह शो, सुनील गुप्ता के 35 वर्षों के तिहाड़ जेलर के अनुभवों पर आधारित है। गुप्ता की मेमॉयर, जिसे जॉसी जोसेफ के साथ मिलकर लिखा गया है, से प्रेरित यह सीरीज भारत के कुख्यात अपराधियों की ज़िंदगी और जेल में काम करने वालेकर्मचारियों की नैतिक



चुनौतियों को असली रूप में पेश करती है। ज़हान कपूर इस बार भी सुनील गुप्ता के किरदार में वापसी कर रहे हैं, जिनके साथ राहुल भट, परमवीर सिंह चीमा और अनुराग ठाकुर जैसे कलाकार भीहैं। एप्लॉज एंटरटेनमेंट, आंदोलन फिल्म्स और मीडिया कॉनफ्लुएंस की प्रोडक्शन टीम के साथ, यह शो अपनी क्वालिटी और दमदार कहानी से दर्शकोंका दिल जीतता रहा है।

## 2 चौके, 3 छक्के और 200 .59 की स्ट्राइक रेट... पृथ्वी शॉ ने गेंदबाजों का बनाया कचूमर

नई दिल्ली। पृथ्वी शॉ को भारतीय क्रिक्रेट का भविष्य माना जाता था, लेकिन उनकी फॉर्म इतनी बिगड़ी की आईपीएल के पिछले सीजन की नीलामी में उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। ये बात पृथ्वी को काफी चुभी और वह वापसी की राह पर निकल पड़े। इस समय वह मुंबई टी20 लीग में खेल रहे हैं और दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने दमदार पारी खेली है।

पृथ्वी शॉ इस लीग में नॉर्थ मुंबई पैंथर्स लीग के कप्तान हैं और रविवार को उन्होंने ट्रम्प नाइट्स एमएनई के खिलाफ तूफानी पारी खेल टीम इंडिया में वापसी की हुंकार भरी है। उनके अर्धशतक के दम पर टीम ने छह विकेट खोकर 207 रन बनाए हैं।

# इंग्लैंड महिला टीम ने दिखाया दबदबा, वेस्टइंडीज का किया सूपड़ा साफ

नई दिल्ली। इंग्लैंड की महिला क्रिक्रेट टीम ने पहले ही शुरुआती दो मैच जीत सीरीज अपने नाम कर ली थी। अब इस टीम ने रविवार को वेस्टइंडीज को तीसरे मैच में मात दे उसका सूपड़ा साफ कर दिया है और 3–0 से सीरीज पर कब्जा किया है। टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी चुनने वाली इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को बड़ा स्कोर नहीं करने दिया और बारिश से बाधित मैच में 21 ओवरों में आठ विकेट खोकर 121 रन ही बनाने दिए। इंग्लैंड ने महज 10.5 ओवरों में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इंग्लैंड की कप्तान नेट सिवर ब्रंट



ने शानदार अर्धशतक जमाया। उन्होंने 33 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए। एलिस कैप्सी 20 रन बनाकर नाबाद रहीं। विंडीज की कोई भी गेंदबाज इंग्लैंड की बल्लेबाजों को परेशानी में नहीं डाल सकी।

## एक नजर

### मोटर मार्ग के डामरीकरण व सुधारीकरण के कार्य का हुआ शिलान्यास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः विधायक राजकुमार पोरी ने कोट ब्लाक के सुरपुर डांडा नागराजा घिंडवाड़ा के लिए 4 किलोमीटर मोटर मार्ग के डामरीकरण एवं सुधारीकरण के कार्य का शिलान्यास रविवार को किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि विधानसभा के हर गांव को सड़क से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। विधायक पोरी ने कहा कि विधानसभा की अन्य सड़कों का भी डामरीकरण एवं सुधारीकरण होगा। सड़क डामरीकरण और सुधारीकरण का कार्य बेहतर ढंग से हो, इसपर विशेषतौर से ध्यान रखा जाएगा ताकि आने वाले लंबे समय तक ग्रामीणों को बेहतर सड़क मार्ग की सुविधा प्राप्त हो सके। विधायक प्रतिनिधि माणिक लाल भट्ट, सुशील रावत, कृष्ण मोहन तड़ियाल, उपेंद्र भट्ट, सुभाष देशवाल आदि शामिल रहे।

### काश्तकारों को योजना की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः खिर्सू ब्लाक की न्याय पंचायत देवलगढ़ के ग्राम फरासू में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक संवाद गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, उन्नत कृषि तकनीकों और विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। गोष्ठी में कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी राम नरेश गुलेरिया ने कहा कि विभागीय योजनाओं की जानकारी समय से मिलने पर किसान अधिक लाभ उठा सकते हैं और अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने, फसल विविधीकरण तथा सतत खेती की ओर बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर किसानों को उन्नत बीज, उत्पादन वृद्धि, कीट एवं रोग नियंत्रण, और मृदा संरक्षण तकनीकों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। गोष्ठी के दौरान अफसरों ने कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, और भूमि संरक्षण विभाग की विभिन्न योजनाओं और अनुदानों की जानकारी भी साझा की।

### केदारनाथ यात्रा मार्ग में दो अलग–अलग लोगों से किया 40 किलो मांस बरामद

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा मार्ग में रविवार को पुलिस ने दो लोगों से 40 किलो मांस बरामद कर उनका चालान किया है। चौकी फाटा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने 3 नेपालियों के कब्जे से कट्टों व छोटे–छोटे थैलों में रखा हुआ मांस बरामद किया। पूछताछ में बताया गया कि मांस का उपयोग स्वयं व अन्य मजदूरों व घोड़ा–खच्चर संचालन का कार्य कर रहे व्यक्तियों को विक्रय करना था। एक व्यक्ति के पास 10 किलो जबकि दो व्यक्ति के पास 15–15 किलो मांस बरामद किया गया। नेपालियों को कड़ी हिदायत देते हुए उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। आरोपी गोखरी बहादुर निवासी नेपाल हाल मजदूर सोनप्रयाग, विक्रम बहादुर निवासी नेपाल राष्ट्र हाल मजदूर फाटा एवं तोहलाका बहादुर निवासी नेपाल राष्ट्र हाल मजदूर सोनप्रयाग के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### दो कारों के शीशे तोड़े

रुद्रप्रयाग। काकड़ा बाईपास पर शनिवार रात को कुछ अराजक तत्वों ने दो कारों के शीशे तोड़ दिए। दोनों कारें अलग–अलग जगह पर खड़ी थी। गुप्तकाशी–काकड़ा बाईपास के नमोली गांव में सड़क किनारे खड़ी कार के दो बांई ओर के व एक पीछे का शीशा शरारती तत्वों ने तोड़ दिए। बताया गया कि कार मालिक नोएडा में रहते हैं और अपने घर नमोली देव कार्य के लिए घर आये थे। दूसरी कार फली पसालत के निर्वतमान ग्राम प्रधान हरीश तिवारी की थी। जिसका आगे पीछे दोनों शीशे व एक बांई ओर का शीशा तोड़ दिया। दोनों कार मालिकों ने पुलिस को घटना की सूचना दी है जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अराजक तत्वों की खोजबीन शुरू कर दी है जबकि जांच में जुट गई है।

### परिवहन विभाग ने लगातार वाहन न चलाने को किया जागरूक

नई टिहरी। थाना घनसाली के तहत चारधाम यात्रा के दृष्टिगत उत्तराखण्ड परिवहन विभाग ने चारधाम यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। जिसके तहत परिवहन विभाग ने घनसाली में चारधाम यात्रा रूट पर आने–जाने वाले वाहन चालकों को यात्रा के दौरान गति पर नियन्त्रण रखते हुए, लगातार वाहन न चलाने व समय समय पर रेस्ट लेकर को लेकर वाहन चलाने को जागरूक किया। यात्रियों को दुपहिया वाहन में हेलमेट आवश्यक रूप से पहनने, तीन सवारी न बिठाने तथा यातायात नियमों के पालन करने को भी जागरूक किया।

# हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग किया जाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कोटद्वार-गुमखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण के कार्य के दौरान हुई युवक की हत्या से आक्रोशित लोगों ने रविवार को एनएच पर जाम लगा दिया। इस दौरान आक्रोशित लोग जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही का आरोप भी लगाया। स्थानीय लोगों का आरोप था कि जब से कंपनी द्वारा इस राष्ट्रीय राजमार्ग का काम लिया है तभी से स्थानीय लोगों को डराने धमकाने, गाली गलौज करने की बातें सामने आ रही हैं। आरोप लगाया कि बिना सत्यापन के ही यहां पर बाहर के मजदूर काम कर रहे हैं।



सतपुली में राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाते ग्रामीण

स्थानीय लोगों ने मृतक सुमन देवरानी के परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग भी उठाई। रविवार को युवक हत्या से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सतपुली मल्ली के पास एनएच पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित लोगों की जाम में फंसे वाहन चालकों के साथ नोकझोंक भी देखने को मिली। जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिससे यहां से आवाजाही करने वालों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे स्थानीय निवासी मनीष खुगशाल, अनुज नेगी आदि का कहना था कि यहां पर बिना सत्यापन के ही यहां पर बाहरी मजूदर काम कर रहे है। कहा कि यदि उस व्यक्ति का सत्यापन होता तो आज आसानी से उसे गिरफ्तार किया जा सकता था लेकिन सत्यापन नहीं होने से वह फरार हो गया है। कहा कि पहाड़ जैसे शांत इलाकों में बाहर से आ रहे मजूदरों द्वारा दबंगई की जा रही है। स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने व एनएच पर काम कर रहे बाहरी मजदूरों का सत्यापन करने की मांग उठाई। वही, मौके पर एसडीएम शालिनी मौर्य व सीओ त्रिवेंद्र सिंह राणा ने ग्रामीणों को समझाया। करीब 1 घंटे बाद जाम खोला गया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने एसडीम शालिनी मौर्य के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कीरत सिंह, सतपुली नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र चौहान, सुरजन रौतेला, रणधीर सिंह, मनीष खुगशाल स्वतंत्र, पूर्व प्रधान जगदंबा डंगवाल, इंद्रजीत असवाल, चंद्रमोहन रावत, वार्ड सदस्य अमन रावत, अभिषेक नेगी, विक्रांत, नरेंद्र, अमन आदि मौजूद रहे।

# रिवर्स माइग्रेशन के लिए किया प्रोत्साहित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल के पैतृक गांव श्रीकोट में बहुद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान न्यायमूर्ति ने गांव पहुंचकर कुल देवता के मंदिर में पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में फल व छायादार पौधों का रोपण किया। रविवार को उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति द्वारा उनके पैतृक गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका स्थानीय परंपराओं के तहत ढोल-नगाड़ों व पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी व लाभ दिए जाने के उद्देश्य से लगाये गए विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाए।उन्होंने गांव के सभी सेवारत व सेवानिवृतों को रिवर्स माइग्रेशन के लिए भी प्रोत्साहित किया। कहा कि बंजर खेतों पर व्यापक स्तर पर फलदार प्रजाति के पौध का रोपण कर उद्यानीकरण को आजीविका का साधन बनाएं। गांव से पलायन कर चुके लोगों को उनकी भूमि के बारे जानकारी मिलने को लेकर उन्होंने राजस्व विभाग को सर्वे करने के निर्देश दिए।

उन्होंने गांव में स्ट्रीट लाइट, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, पुलिस चौकी खुलवाने को लेकर संबंधित अफसरों को निर्देश दिए। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ग्रामोत्थान परियोजना, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, पंचायती राज आदि विभागों व वित्तीय साक्षरता के लिए एसबीआई की तरफ से लगाए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

# परिषद ने राहगीरों को पिलाया शरबत




कोटद्वार में राहगीरों को शरबत पिलाते परिषद के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भारत विकास परिषद की शाखा कोटद्वार की ओर से रविवार को बस स्टेशन पर जल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राहगीरों को बुरांश का जूस पिलाया गया। परिषद के प्रांतीय संपर्क संयोजक गोपाल बंसल ने कहा कि भारत विकास परिषद सामाजिक कार्यों के अंतर्गत प्रतिवर्ष शीतल जल वितरण का कार्य करती है। अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल पिलाना पुण्य का कार्य है। बताया कि भारत विकास परिषद इस कार्यक्रम के अलावा भारत को जानो प्रतियोगिता ,समूह गान प्रतियोगिता ,बाल संस्कार शिविर, विकलांग शिविर ,सरल कन्या विवाह और महापुरुषों की जयंती के उपलक्ष में गोष्ठियां भी आयोजित करती है। ये सभी कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस दौरान राजेंद्र जखमोला, प्रदीप अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, राकेश मित्तल बीना मित्तल राकेश ऐरन और सुनीता ऐरन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः उत्तराखंड में लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने रोष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने सरकार का पुतला दहन करते हुए व्यवस्थाओं में सुधार की मांग उठाई। कहा कि देवभूमि में महिलाओं से संबंधित अपराध किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए। तत्पश्चात वे जुलूस की शक्ल में प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील तिराहे पर पहुंचे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार का ग्राफ बढ़ा है। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार महिला अत्याचार में हिमालयी राज्यों में उत्तराखंड पहले और देश में छठे पायदान पर है।इस पर भी महिला अत्याचारों में भाजपा नेताओं की संलिप्तता लगातार उजागर हो रही है, लेकिन केंद्र व प्रदेश सरकार इप पर कार्रवाई करने के बजाय मूक दर्शक बनी हुई है। कहा कि आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में महिलाओं पर अत्याचार लगातार बढ़ते जा रहे हैं। चेतावनी दी कि इन घटनाओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जायेंगे और आवश्यक हुआ तो जन सहयोग से आंदोलन भी करेंगे। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, बलबीर सिंह रावत,रमेश खंतवाल, कांग्रेस की पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत, गोपाल गुसांई, प्रेम सिंह नेगी, नंदन सिंह रावत और राजा आर्य सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



कोटद्वार में तहसील तिराहे पर प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस

# उषा हथकरघा प्रशिक्षण देकर महिलाओं को कर रही सशक्त

नई टिहरी। वर्ष 2002 में उद्योग विभाग ने हथकरघा उद्योग का प्रशिक्षण लेने के बाद चंबा की रहने वाली उषा नकोटी निरंतर क्षेत्र की महिलाओं को स्वालंबी बनाने के साथ सशक्त करने काम कर रही है। उषा अपने हथकरघा उद्योग में बने अंगोरा शाल, स्वेटर, पंखी, मफलर, कोट, कंबल, स्टॉल, टोपी और पैरो के मौजे जैसे कई उत्पाद बनाकर मार्केट और विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से बेचकर प्रतिमाह 30 हजार से अधिक की आय प्राप्त कर रही हैं। साथ ही अपने साथ काम करने वाली दो दर्जन से अधिक महिलाओं को प्रतिदिन 300 रुपये का रोजगार उपलब्ध करवा रही हैं। आधुनिककता के इस दौर में उषा ने महिलाओं को हथकरघा का प्रशिक्षण देने काम जारी रखा हुआ है।



जिससे महिलायें स्वालंबी होने की ओर कदम बढ़ा रही हैं। उषा चंबा मार्केट में अंगोरा वस्त्र विक्रय भंडार के नाम से अपनी दुकान का संचालन भी बखूबी कर रही हैं। उषा नकोटी ने बताया कि वर्ष 2002 से वह इस व्यवसाय से जुड़ी है। उन्होंने उद्योग विभाग की मदद से हथकरघा का प्रशिक्षण लिया और साथ ही कई गांव की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर हथकरघा कारोबार को आगे बढ़ा रही है। समय के साथ उनके वस्त्रों की डिमांड ज्यादा होने से वर्तमान समय में उनके पास 5 हथकरघा और 3 निटिंग मशीनें हैं। जिनसे अपनी आजीविका बखूबी चला रही हैं। कुटिल उद्योग कल्याण समिति की अध्यक्ष के रूप में वह महिलाओं के सशक्तिकरण का काम कर रही हैं।

### स्वच्छता अभियान में युवाओं की भागीदारी को सराहा

नई टिहरी। नगर पालिका नई टिहरी में चलाये जा रहे नियमित स्वच्छता अभियान में युवाओं द्वारा स्वेच्छता से सक्रिय भागीदारी की जा रही है। युवाओं की भागीदारी को नगर पालिका के अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने सराहा है।

इसके साथ ही पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने कहा कि शहर में बेवजह गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। स्वच्छता अभियान के दौरान युवाओं ने स्वयं योगदान किया। कहना था कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक कर्तव्य भी है। लोगों ने चिंता जताई कि नगर में कुछ गैर जिम्मेदार लोग गंदगी फैला रहे हैं और चेताया कि आने वाले दिनों में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक सखियों को दिया गया प्रशिक्षण

नई टिहरी। दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से जनपद मुख्यालय पर बैंक सखियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची सीडीओ वरूणा अग्रवाल ने कहा कि प्रशिक्षण से बैंक सखियों में व्यवसायिक क्षमता का विकास होगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद टिहरी गढ़वाल के तीन विकासखंडों में जाखणीधार, जौनपुर एवं कीर्तिनगर से कुल 38 बैंक सखियों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण में वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता के सम्बन्ध में समस्त विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे सीडीओ अग्रवाल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बैंकों से जुड़कर उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही बैंक सखियों को सभी सदस्यों को वित्तीय साक्षरता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से शत–प्रतिशत जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण में परियोजना निदेशक पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम एवं नेशनल रिसोर्स पर्सन के बी दीक्षित ने भी जानकारियां दी। जिला मिशन प्रबंधक व परियोजना निदेशक ने बैंक सखियों को एनआरएलएम के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीण वित्त समन्वयक चंद्रप्रकाश डंगवाल, जिला थिमेटिक विषेशज्ञ केशव रावत सहित समस्त बैंक सखियां प्रशिक्षण में मौजूद रहे।

# पारिवारिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा गंगा दर्शन पार्कः मेयर

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित गंगा दर्शन पार्क पर्यटन के क्षेत्र में विकसित हो रहा है। शनिवार देर सांय महापौर आरती भंडारी ने पार्क में बच्चों के लिए लगाए गए आधुनिक झूलों का विधिवत शुभारंभ किया। मेयर भंडारी ने कहा कि गंगा दर्शन पार्क को एक संपूर्ण पारिवारिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पार्क न सिर्फ बच्चों के लिए खेल का केंद्र सिद्ध होगा, बल्कि यहाँ आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का एक नया केंद्र बनेगा। महापौर आरती भंडारी ने बताया कि इस पहल से स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे क्षेत्र की आर्थिकी को भी बल मिलेगा। बताया कि पार्क में लगाए गए नए झूले, मिकी माउस, ट्रेन और बच्चों के लिए अन्य मनोरंजन के साधन अब अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ गुणवत्ता समय बिताने का बेहतर विकल्प प्रदान करेंगे। स्थानीय लोगों ने नगर निगम की इस पहल का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य लखपत सिंह भंडारी, पार्षद प्रवेश चमोली, प्रीति, सुमित बिष्ट, आयुष मियां, रेखा अग्रवाल, राजा बिष्ट आदि मौजूद थे।

### जन सहयोग से होगा वृहत पौध रोपण

नई टिहरी। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जनसहयोग जरूरी है। गजा में मंत्री उनियाल ने कहा कि बीती 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से जुलाई में हरेला पर्व तक प्रदेशभर में वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान संचालित होगा। सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों में फलदार और अन्य पौधे लगाए जाएंगे। कहा कि पीएम मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को प्रदेश में खूब लोग पसंद कर पौधे लगा रहे हैं। यही नहीं लोग पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी भी ले रहे हैं। यह पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतर मुहिम साबित होगी। उनियाल ने कहा कि केवल हरेला पर्व नहीं होगा बल्कि पौधों की देखभाल के लिए अच्छी भावना होनी चाहिए।

# महिलाओं के लिए रेशम उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण शुरू

नई टिहरी। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा रेशम उत्पादन एवं रेशम से बनने वाले वस्त्रों के लिए प्रतापनगर ब्लाक के ग्राम धारकोट में ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यकम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने उद्घाटन किया। विधायक नेगी बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाएं स्वावलंबी बन सकेंगी। प्रशिक्षण शिविर में शामिल महिलाओं को प्रतिदिन 150 रूपये स्टाइपंड दिया जाएगा। सरकार कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण दे रही है। नेगी ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए। नेगी ने अपील की है कि घरों में फलदार व औषधि गुणों से भरपूर पौधे लगाएं। चन्द बजाज, प्रेम सिंह नेगी, मीरा बजाज, हरीश नेगी, गंभीर सिंह नेगी, भीम सिंह नेगी, चन्दर सिंह नेगी, पूर्व प्रधान रौनकी आदि मौजूद रहे।



# श्रमिकों को जरूरी सुविधायें देने पर किया गया फोकस

नई टिहरी। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड भागीरथीपुरम टिहरी में सतर्कता विभाग ने परियोजना पर कार्यरत ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं व वेंडर्स के साथ श्रमिकों के अधिकार एवं उनको मिलने वाली सुविधाओं के विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। ठेकेदारों एवं वेंडर्स को संबोधित करते हुए उपमहाप्रबंधक सतर्कता एनके नौटियाल ने कहा कि किसी भी कार्य में श्रमिकों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए सभी प्रकार के श्रमिकों को सरकार द्वारा श्रमिक कानून के अंतर्गत जारी सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाना आवश्यक है। श्रमिकों की शिकायतों का समाधान किया गया। मोहन सिंह सिरसवाल, जेपी चमोली, अबनीशा आदि मौजूद रहे।




### अल्केश्वर घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। भागीरथी कला संगम के सदस्यों ने अलकेश्वर घाट में स्वच्छता अभियान चलाया। प्लास्टिक की बोतलें और कूड़ा इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल ने कहा है कि समिति के सदस्यों द्वारा समय–समय पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों द्वारा कूड़ा फैलाकर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों अपील की है कि वे गंगा घाटों पर गंदगी न फैलाएं संस्था के उपाध्यक्ष मुकेश नौटियाल, रमेश चंद्र थपलियाल, रवि पूरी, हरेंद्र तोमर, भगत सिंह बिष्ट संजय कोठारी, दीनबंधु सिंह चौहान, पीसी नौडियाल, दिनेश उनियाल, दिनेश लिंगवाल, मदन गडोई आदि मौजूद थे।

# किसानों को दी गई वैज्ञानिक खेती की जानकारी

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड खिर्सू की न्याय पंचायत देवलगढ़ के अंतर्गत ग्राम फरासू में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, उन्नत कृषि तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनाना रहा। गोष्ठी में कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी राम नरेश गुलेरिया ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं से किसान अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने किसानों को फसल विविधीकरण, सतत खेती और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी में उपस्थित विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा किसानों को उन्नत बीजों के चयन, उत्पादन वृद्धि के उपाय, कीट एवं रोग नियंत्रण, तथा मृदा संरक्षण तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य तथा भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं और अनुदानों से किसानों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय किसानों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। इस मौके पर क्षेत्रीय वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वीकेंड पर हरिद्वार में हाइवे पर रेंगती रही गाड़ियां, शहर की रफ्तार थमी

हरिद्वार। गर्मी की छुट्टियां और वीकेंड के चलते टूरिस्ट प्लेस पर आवाजाही काफी बढ़ गई है। उत्तराखंड के हरिद्वार में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। यहां वीकेंड पर घूमने आए टूरिस्ट का हुजूम दिखाई दिया। अधिक मात्रा में पहुंचे यात्रियों के चलते सड़कों का हाल-बेहाल हो गया। हरिद्वार-ऋषिकेश और देहरादून नेशनल हाईवे दोनों तरफ से खचाखच भरा दिखाई दिया। काफी मात्रा में पहुंचे यात्रियों के चलते सड़कें गाड़ियों से बुरी तरह भरी दिखाई दीं। इसके चलते लंबे समय तक जाम लगा रहा और गाड़ियां रेंगती हुई नजर आईं, इससे शहर की रफ्तार मानों थम सी गई। ट्रैफिक के चलते रोडवेज बसें समय से बस स्टैंड नहीं पहुंच पाईं। इस कारण उन यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जो सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल करके यात्रा करने आए थे। सड़कों पर उमड़ी गाड़ियों की भीड़ से अंदाजा लगाया जा सकता है कि टूरिस्ट प्लेस जैसे मंदिर और गंगा तट का क्या हाल होगा। हर की पौड़ी, मनसा देवी और चंडी देवी मंदिर पर भी खचाखच भीड़ दिखाई दी। मंदिर प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखते हुए दर्शन करने का आह्वान किया।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रमोद कुमार बने जाट महासभा के चुनाव अधिकारी

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के प्रबंध संकाय सभागार में रविवार को जाट महासभा पंचपुरी के सामान्य सदस्यों, विशिष्ट सदस्यों और आजीवन सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इसमें जाट महासभा के चुनाव के लेकर प्रमोद कुमार को चुनाव अधिकारी नियुक्त करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में सभी वक्ताओं ने जाट समाज की एकता पर बल दिया और कहा कि यदि सभी लोग एकजुट रहेंगे तो समाज की प्रत्येक जायज मांग को सभी स्तरों पर सुना जाएगा। राजनैतिक और सामाजिक स्तर पर भी हम मजबूत होंगे। वक्ताओं ने कहा कि महत्वपूर्ण पद नहीं है बल्कि जाट समाज की एकता है। नव नियुक्त चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि जाट महासभा पंचपुरी के चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी और निर्विरोध हो। बैठक की अध्यक्षता राजेश वर्मा ग्राम प्रधान बहादुरपुर जट्ट और चौ. कबूल सिंह पूर्व अध्यक्ष जाट महासभा पंचपुरी जनपद हरिद्वार ने संयुक्त रूप से की।

### वरिष्ठ नागरिकों ने राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाया

हरिद्वार। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक संगठन की ओर से रविवार को ज्वालापुर रेलवे स्टेशन के पास शिव मंदिर प्रांगण में छबील का आयोजन कर राहगीरों को ठंडा मीठा जल पिलाया गया। वरिष्ठ नागरिक सामाजिक के अध्यक्ष चौधरी चरणा सिंह ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि जेठ के माह में जल पिलाने का बहुत पुण्य है। इस अवसर पर हरदयाल अरोड़ा, एसके गौड़, बाबूलाल, सुमन, महेश त्यागी, बदन सिंह, एससीएस भास्कर, ताराचंद, अतरसिंह, एचसी चावला, राम सागर सिंह, एसके मल्होत्रा, जगराम सिंह, बदन सिह, प्रियंका चौधरी, भौपाल सिह, शिव कुमार शर्मा, सुमित्रा, संत कुमार शर्मा, जगदीश लाल अहुजा, सुभाष ग्रोवर आदि मौजूद थे।

### संतोषी कभी दरिद्र नहीं होता: पवन

हरिद्वार। श्री राधा रसिक बिहारी भागवत परिवार सेवा ट्रस्ट की ओर से शिवालिक नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने बताया संतोषी कभी दरिद्र नहीं होता। सुदामा परम संतोषी ब्राह्मण थे। उन्हें दरिद्र कहना उचित नहीं है। सुदामा चरित्र की कथा का श्रवण कराते हुए शास्त्री ने कहा कि संदीपनी मुनि के गुरुकुल में विद्या अध्ययन के दौरान कृष्ण और सुदामा की मित्रता हुई। विद्या अध्ययन के बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए। कालांतर में कृष्ण द्वारिकापुरी के राजा द्वारिकाधीश बन गए। परंतु सुदामा की स्थिति बहुत ही दयनीय थी। परंतु सुदामा भगवान से कभी कुछ नहीं मांगते थे। हमेशा भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता को याद करते हुए उनकी भक्ति किया करते।

### कार्यशाला में बच्चें सीख रहे हैं कविता लेखन के गुर

चमोली। श्री भुवनेश्वरी महिला आश्रम में रविवार को बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा एवं एसबीएमए गैरसैंण में संयुक्त तत्वाधान में बाल लेखन कार्यशाला का शुभारंभ करते हुये मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य आकाश सारस्वत ने कहा कि बच्चों का मौखिक एवं लिखित अभिव्यक्ति का अवसर दिये जाने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाऐं मील के पत्थर का कार्य करती हैं। बच्चों को दो समूह में बांटा गया। बच्चों ने महिला जागरूकता एवं दूसरे समूह ने बालिका शिक्षा पर नाटक प्रस्तुत किये। बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा के सचिव एवं बाल प्रहरी के संपादक उदय किरोला ने कहा कि उनके संस्थान दवारा अभी तक देश के 16 राज्यों में 318 स्थानों पर पांच दिवसीय कार्यशालाऐं आयोजित की जा चुकी हैं।

### खाद्य पदार्थ के आठ सैंपल फेल

श्रीनगर गढ़वाल। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड के निर्देशों में सचल खाद्य विश्लेषणशाला के अधिकारियों ने खाद्य सामग्री की जांच की। इस दौरान भक्तियाना और श्रीनगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिठाइयां, दूध, मसाले, अनाज, दालें, दुग्ध पदार्थों के 96 खाद्य नमूनों की सचल वाहन में स्थापित प्रयोगशाला में की गई जांच में 88 नमूने मानकों में सही पाये गये, जबकि 2 दुग्ध पदार्थ, 3 मिठाइयों, 2 मसालों तथा 1 खाद्य नमूना अधोमानक पाये गये। जिला अभिहित अधिकारी एएस रावत ने बताया कि मानकों के अनुरूप पाये गये खाद्य पदार्थों पर करोबारियों को खाद्य पदार्थों का मानकों के अनुसार सुधार करने के निर्देश दिए गए।

## दिल्ली से लापता दो नाबालिग बालिकाएं हरिद्वार में मिली

हरिद्वार। चारधाम यात्रा सीजन में बढ़ाई गई सतर्कता के बीच जीआरपी हरिद्वार ने रेलवे स्टेशन पर गश्त के दौरान दिल्ली से लापता हुई दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल बरामद किया है। बालिकाएं दो युवकों के साथ संदिग्ध स्थिति में मिलीं, जिन्हें पूछताछ के लिए थाने लाया गया। जांच में पता चला कि दोनों को बहला-फुसलाकर घर से भगाया गया था।

जीआरपी के अनुसार, युवक और बालिकाएं अलग-अलग धर्मों से संबंध रखते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल दिल्ली के छावला थाने से संपर्क किया गया, जहां से जानकारी मिली कि इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज है। घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीमें हरिद्वार के लिए रवाना हो गईं। परिजन भी मौके पर पहुंचे और बच्चों को सकुशल देखकर राहत की सांस ली।

## बड़ासू में हेलीकॉप्टर दुर्घटना को लेकर जांच शुरू

रुद्रप्रयाग। बड़ासू हेलीपैड से केदारनाथ धाम के लिए टेक ऑफ करते ही दुर्घटनाग्रस्त हुए क्रिस्टल एविएशन के हेलीकॉप्टर मामले में जांच शुरू हो गई है। डीजीसीए की टीम केदारघाटी पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि सोमवार को डीजीसीए के अधिकारी हेली कंपनियों के साथ बैठक भी करेंगे। केदारघाटी में लगातार हो रही हेली दुर्घटनाओं के बाद डारेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) हर बार की तरह इस बार भी मौके पर पहुंच गई। देखना होगा कि अब हेली कंपनियों को सख्त निर्देश दिए जाएंगे या फिर हर बार की तरह इस बार भी डीजीसीए की टीम औपचारिकता निभाकर लौट जाएगी। सूत्रों के अनुसार केदारघाटी पहुंची डीजीसीए की टीम ने निरंतर हो रही हेली दुर्घटनाओं के मामले को गंभीरता से लिया है। इसीलिए सोमवार को टीम हेली कंपनियों से बैठक करेगी। इधर, रविवार को टीम ने बड़ासू मौके पर जाकर निरीक्षण किया। घटना को लेकर तमाम पहलुओं को लेकर पूछताछ की। साथ ही तकनीकी खामियों का भी निरीक्षण किया। हेली के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि डीजीसीए की टीम केदारघाटी पहुंच गई है। जांच शुरू कर दी गई है। सोमवार को हेली कंपनियों से साथ बैठक भी की जाएगी। वहीं दूसरी ओर एयर क्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो की टीम भी इस मामले की जांच करेगी। उक्त टीम द्वारा भी हेलीकॉप्टर दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी। ताकि हेली दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। बता दें कि केदारघाटी में क्रिस्टल एविएशन के हेलीकॉप्टर के बार-बार दुर्घटनाग्रस्त होने को लेकर विपक्षी दल लगातार सवाल खड़े कर रहे हैं। केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत ने कहा कि केदारघाटी में तीन घटनाओं के बाद भी सरकार गहरी नींद में सोई है।

## पुलिस—पब्लिक समन्वय को बैठक की

नई टिहरी। थत्यूड़ थाना कार्यालय परिसर में सीओ महेश चंद्र लखेड़ा ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व्यापारियों व टैक्सी यूनियन के साथ शनिवार को बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर सीओ लखेड़ा ने कहा कि सीएलजी की बैठक हर महीने आयोजित की जाती है। बैठक का मुख्य उद्देश्य आम जनता व पुलिस के बीच आपस में सामंजस्य बनाये रखना है। इससे अपराधों पर नियंत्रण रहेगा। पुलिस के प्रति जनता का व्यवहार सकारात्मक व विश्वास का बना रहे। उन्होंने कहा पुलिस थाना कार्यालय के लिए स्थाई भवन निर्माण के लिए शासन को डीपीआर बनाकर भेज दी गई। जगह का चयन कर लिया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष खेमराज भट ने सीओ के समक्ष अपना सुझाव रखते हुए कहा कि थत्यूड़ बाजार क्षेत्र में अनावश्यक खड़ी गाड़ियों को बाजार की पार्किंग में लगाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बाजार क्षेत्र में पुलिस प्रशासन से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग भी की। जिससे चोरी और अपराधों पर निगरानी रखी जा सके। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष महावीर सिंह रावत, एसआई महेश जीना, व्यापार मंडल अध्यक्ष अकबीर पंवार विक्रम चौहान, कुलबीर रावत, संजय गौड़, सोबत रावत, राजेंद्र कोहली, गुरु दयाल, सुमेर चंद, सज्जन सिंह आदि मौजूद रहे।

### हमेशा कुछ नया सीखने का प्रयास करें: डॉ. शिवपुरी

हरिद्वार। हरिद्वार के बाल गृह में रविवार को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर और 'मनु मन की आवाज फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. मनु शिवपुरी अपने समूह के साथ बच्चों के बीच पहुंचीं। उन्होंने बच्चों के साथ जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाले कई छोटे-छोटे मगर महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए। डॉ. मनु शिवपुरी ने बच्चों से बातचीत कर उनके मन की बात जानी। बताया कि अक्सर इस उम्र के बच्चे अपनी भावनाएं मन में दबाकर रखते हैं, जिससे मानसिक तनाव पैदा हो सकता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे खुले दिल से संवाद करें, अपनी भावनाओं को साझा करें और हमेशा कुछ नया सीखने का प्रयास करें। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को सरल मेडिटेशन तकनीक सिखाई और खेल-खेल में टाइम मैनेजमेंट के तरीके भी बताए, जिससे वे अपनी पढ़ाई और दैनिक कार्यों को व्यवस्थित कर सकें।

## चौहान को एसपी ने कराया तीसरा सितारा धारण

रुद्रप्रयाग। जनपद में नियुक्त राजीव चौहान के निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर केदारनाथ मंदिर परिसर में पिपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने उनके कंधे पर तीसरा सितारा धारण करते हुए नई जिम्मेदारियों की शुभकामनाएं दी। बीते दिनों उत्तराखंड पुलिस के 57 उप निरीक्षकों को निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए है। सूची में केदारनाथ चौकी प्रभारी के दायित्वों का निर्वहन कर रहे उप निरीक्षक राजीव चौहान का नाम भी है। निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने के बाद उन्हें केदारनाथ में ही यात्रा निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई। केदारनाथ मंदिर प्रांगण में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने पदोन्नत हुए निरीक्षक राजीव चौहान के कन्धे पर तीसरा सितारा सजाते हुए नई जिम्मेदारियों की शुभकामनाएं दी।




साथ ही इसी प्रकार से अपने कर्तव्य निर्वहन किए जाने की अपेक्षा की। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ यात्रा अभिनय चौधरी सहित केदारनाथ में ड्यूटीरत पुलिस बल, आईटीबीपी व एसडीआरएफ कार्मिक मौजूद थे।

## ऑपरेशन लगाम में शांति व्यवस्था भंग करने वालों का चालान

चमोली। चारधाम यात्रा के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने एक विशेष अभियान ऑपरेशन लगाम चलाया है। ऑपरेशन लगाम के तहत पुलिस विशेष रूप से सड़कों, नदियों के किनारे, कॉलेज/हॉस्टल के आसपास, और वाहनों में बैठकर शराब पीने, हुड़दंग मचाने, लड़ाई-झगड़ा करने, रैश ड्राइविंग, अवैध हूटर का उपयोग करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। ह्यऑपरेशन लगाम के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले 11 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की है।

केस 1:- एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आए तीर्थयात्रियों के बीच गोविंदधाम में किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया। विवाद की सूचना मिलने पर गोविंदधाम में तैनात चौकी घांघरिया पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने दोनों पक्षों को शांत कराने और मामले को सुलझाने का काफी प्रयास किया। दोनों पक्ष अपनी बात पर अड़े रहे और आपसी विवाद को सुलझाने या समझने को तैयार नहीं हुए। यात्रियों के सहयोग न करने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को चौकी घांघरिया लाया गया। चौकी पर भी उन्हें समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। जिसके पश्चात कानून व्यवस्था बनाए रखने और मामले में आवश्यक कार्यवाही करते हुए, पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की। पुलिस ने इस मामले में सुखजिंदर सिंह निवासी पटियाला उम्र 43 वर्ष , जसनप्रीत निवासी पटियाला उम्र 19 वर्ष, राजेंद्र सिंह निवासी पटियाला उम्र 40 वर्ष और प्रिंस सिंह निवासी पटियाला उम्र 19 वर्ष के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

केस 2:- कर्णप्रयाग कोतवाली को 7 जून को सूचना मिली थी कि ढूंढ पंचपुलिया कर्णप्रयाग के पास कुछ यात्री सड़क पर लड़ाई-झगडा कर शान्ति व्यवस्था भंग कर रहे हैं। सूचना पर कोतवाली कर्णप्रयाग पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर यात्रियों को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन, वे नहीं मानें। इसपर पुलिस ने दोनों पक्षों में शामिल तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में तीनों के विरूद्ध पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त इसी मामले से यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा वाहन से संबंधित दस्तावेज पूरे न होने पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 2500-2500 का जुर्माना भी वसूला। केस 3 पुलिस ने बताया कि कर्णप्रयाग को सूचना मिली कि कनखुल बैंड के पास कुछ स्थानीय लोगों व यात्रियों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने विवाद को शांत करने का प्रयास किया गया। लेकिन दोनों पक्ष सुनने को तैयार नहीं थे। जिसके पश्चात दोनों पक्षों को कोतवाली लाया गया। जहां पुलिस ने प्रकरण के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त की। जांच के बाद सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने पर चार व्यक्तियों रणजीत सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पीपली थाना लोहिया जिला जालंधर पंजाब, बलजीत सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी जालंधर, लखविंद्र सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी जालंधर, सुखमनप्रीत सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी जालंधर के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

### हुडदंग मचाने वाले पांच यात्रियों का चालान

श्रीनगर गढ़वाल। आपरेशन लगाम के तहत श्रीनगर पुलिस नगर क्षेत्र में हुड़दंग मचाने वाले लोगों, यात्रियों पर लगाम लगाने में जुटी हुई है। आपरेशन लगाम के तहत पुलिस ने पांच हुड़दंगियों के चालान किए हैं। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली श्रीनगर जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान पांच यात्री शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे थे। बताया कि अभियान के तहत यात्रियों का चालान कर यात्रा के दौरान मर्यादा बनाए रखने की अपील की गई। कहा कि एसएसपी पौड़ी द्वारा हुड़दंगियों पर लगाम कसने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि क्षेत्राधिकारी श्रीनगर अनुज कुमार के नेतृत्व में लगातार शहर में चेकिंग अभियान के साथ रात्रि गश्त की जा रही है।

## शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में सात लोगों पर कार्रवाई

चमोली। सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में कर्णप्रयाग पुलिस ने दो घटनाओं में सात लोगों पर कानूनी कार्रवाई की है। एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 7 जून को पुलिस थाने में सूचना मिली कि पंचपुलिया कर्णप्रयाग के पास कुछ यात्री सड़क पर लड़ाई झगडा कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे है। पुलिस ने यात्रियों को समझाने का प्रयास किया गया। न मानने पर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में तीनों के विरूद्ध पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने तथा वाहन से संबंधित दस्तावेज पूरे न होने पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 2500-2500 का जुर्माना भी वसूला। दूसरे प्रकरण में कनखुल बैंड के पास स्थानीय लोगों व यात्रियों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने विवाद को शांत का प्रयास किया गया। लेकिन दोनों पक्षों सुनने को तैयार नहीं थे। पुलिस ने जांच के उपरान्त सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने पर चार व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही करते हुए भविष्य में ऐसा न करने की सख्त हिदायत।

## योग एवं मर्म चिकित्सा कार्यशाला आयोजित होगी

चमोली। गोपेश्वर में ह्रस्व की पहचान और निरोगी काया का ज्ञानह्व विषय पर दो दिवसीय योग एवं मर्म चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन 9 और 10 जून से किया जा रहा है।

गोपेश्वर महाविद्यालय के स्ववित्त पोषित बीएड विभाग और सुबोध विद्यामंदिर के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला होगी। कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास तथा शारीरिक क्रिया होगी, 10 से 12 बजे तक मुख्य प्रशिक्षक भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी चंद्र सिंह भंडारी तथा उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार जोशी द्वारा योग के माहात्म्य, मन, चेतन आदि पर व्यवहारिक ज्ञान देंगे। मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ओपीडी द्वारा स्वास्थ्य जांच और उनके निदान संबंधी परामर्श निःशुल्क दिया जाएगा।

समन्वयक प्रो अमित कुमार जायसवाल ने बताया कि दोनों दिन कार्यक्रम प्रातः 6 बजे शुरू होगा और शाम को 5 से 7 बजे तक गोपीनाथ मंदिर में योगाभ्यास होगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मंथन

चमोली। चमोली जनपद के पोखरी ब्लॉक सभागार में रविवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमरसिंह की अध्यक्षता में नगर मंडल कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंथन किया। संयोजक डॉ मातबर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 सालों में किए गए कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई । अमरसिंह ने कहा सबको संगठन को मजबूत करने के लिए कदम उठाना होगा। संगठन को मजबूत करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र राणा, अमित जोशी, वत्सला सती, सभासद कुशुम कंडारी, गिरीश किमोठी, रंजना रावत, महामंत्री प्रदीप चौहान, नारायण सिंह, रमेश चौधरी, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्यूंजा घाटी में 11 दिवसीय देवी पूजन में उमड़े बड़ी संख्या में भक्त



रुद्रप्रयाग। क्यूजा घाटी की ग्राम पंचायत कण्डारा के ग्रामीणों की अराध्य देवी भगवती राज राजेश्वरी के मन्दिर में आयोजित 11 दिवसीय भगवती पूजन व महायज्ञ का समापन कन्या पूजन व विशाल भण्डारे के साथ हुआ। क्यूजा घाटी सहित अनेक गांवो से बड़ी संख्या में लोगों ने इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य अर्जित किया। देवी पूजन व महायज्ञ के निर्विघ्न संपन होने पर आयोजक मण्डल द्वारा केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, कण्डारा गांव के ग्रामीणों, क्यूजा घाटी के जनप्रतिनिधियों व आम जनमानस का आभार व्यक्त किया गया। समापन अवसर पर कथावाचक उर्वीदत्त गैरोला ने भगवती राज राजेश्वरी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवती अनेक नामों से पूजित है। प्रकाश गैरोला, राजेन्द्र प्रसाद गैरोला, हर्षमणि गैरोला, देवानन्द गैरोला, महिमानन्द गैरोला, कुलानन्द गैरोला, चन्द्रशेखर गैरोला, रजनीश गैरोला, प्रदीप गैरोला, दिवाकर भट्ट, उमेश गैरोला, मुकुल भट्ट सहित आयोजक मण्डल के पदाधिकारियो व सदस्यों ने जनता का आभार व्यक्त किया।

## संयुक्त पुलिस टीम ने पकड़ी गोकशी, एक प्रतिबंधित पशु बचाया



रुड़की। गोवंश संरक्षण स्क्वायड हरिद्वार और लक्सर पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार रात को जैनपुर मतलबपूरा गांव के पास खेतों में पशु कटान का मामला पकड़ा है। टीम ने मौके से एक जिंदा और एक मृत प्रतिबंधित पशु को बरामद किया है। मामले में एक नामजद सहित सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। शनिवार रात में हरिद्वार गोवंश संरक्षण स्क्वायड के एसआई शरद सिंह, सिपाही पूरन सिंह दानू, प्रवीण कुमार, बृजकिशोर, राजेंद्र सिंह लक्सर तथा पथरी थाने के सीमावर्ती क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने उन्हें बताया कि जैनपुर मतलबपुरा के पास खेत में कुछ लोग पशु कटान कर रहे हैं। इस पर उन्होंने लक्सर कोतवाली के चेतक पुलिसकर्मी शूरवीर सिंह तोमर व अजीत तोमर को साथ लेकर मौके पर छापेमारी की। छापे के दौरान वहां सात लोग पशु कटान करते दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही सभी सातों लोग वहां से भाग गए। इनमें से एक को चेतक पुलिसकर्मियों ने पहचान लिया।

### सुरेश की कठोर साधना सभी के लिए प्रेरणादायी: रविंद्रपुरी

हरिद्वार। गुरू गोरखनाथ धाम बागपत निवासी सुरेश भगत कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर में खड़ी और कठोर मौन साधना कर रहे हैं। 30 अप्रैल से शुरू हुई सुरेश भगत की 41 दिवसीय साधना का समापन 10 जून को होगा। सुरेश भगत ने लिखकर बताया कि वे पिछले नौ वर्ष से राष्ट्र कल्याण और धर्म संस्कृति के प्रति जनजागण के उद्देश्य से 41 दिवसीय खड़ी साधना कर रहे हैं। 24 घंटे चलने वाली साधना के दौरान वे अन्न ग्रहण नहीं करते हैं। सुरेश भगत का कहना है कि सनातन संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के लिए जनचेतना फैलाने की आवश्यकता है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष और श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि सनानत धर्म संस्कृति आदर्श स्थापित करती है और मानव सेवा का संदेश देने वाली संस्कृति है। सुरेश भगत की कठोर साधना सभी के लिए प्रेरणादायी है। युवाओं को इससे अवश्य प्रेरणा मिलेगी। महादेव शिव की कृपा से मानव कल्याण का सुरेश भगत का उद्देश्य अवश्य पूरा होगा।

### दो महिलाओं सहित चार पर मारपीट का आरोप

रुड़की। घाड़ क्षेत्र के डाडा जलालपुर गांव निवासी एक ग्रामीण ने रविवार को पुलिस को तहरीर देकर गांव की दो महिलाओं समेत चार लोगों पर घर में घुसकर मारपीट किए जाने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज पर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार घाड़ क्षेत्र के गांव डाडा जलालपुर निवासी शहबाज ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गत दो दिन पूर्व वह अपने पशुओं का दूध निकालने के लिए जा रहा था तभी उनके गेट के सामने ई-रिक्शा खड़ा हुआ था, जिसे उन्होंने हटाए जाने को कहा, लेकिन ई-रिक्शा चालक व अन्य लोगों ने घर में घुसकर धारदार हथियारों से मारपीट करना शुरू कर दिया। इसमें पीड़ित के पिता सहराज घायल हो गए। जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया गया। उप निरीक्षक विनय मोहन त्रिवेदी ने बताया कि शहबाज की तहरीर के आधार पर इंतजार, आबिद, दिलशाद, आज मोहम्मद, फरीदा, नाजिस्ता निवासी डाडा जलालपुर के खिलाफ संबंधित धारा में मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### लापता किशोर के अपहरण का मुकदमा दर्ज

रुड़की। बीती छह जून को क्षेत्र निवासी एक किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। रविवार को पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर किशोर के अपहरण का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इमलीखेड़ा नगर पंचायत निवासी बबलू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती छह जून को उसका 16 वर्षीय बेटा संदिग्ध परिस्थितियों में कही लापता हो गया। इसके बाद परिजनों ने हर संभव स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसपर उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338